हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 21 अक्तूबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंत्रियों के विभागों का बंटवारा कर दिया है। गृह , वित्त, सीआइडी, योजना एवं आबकारी समेत 12 विभागों का कामकाज मुख्यमंत्री ने अपने पास रखा है।वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री अनिल विज को बिजली व परिवहन समेत तीन विभागों की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि विपुल गोयल को शहरी स्थानीय निकाय तथा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग दिये गए हैं। कृष्ण लाल पंवार को विकास एवं पंचायत तथा राव नरबीर को उद्योग एवं पर्यावरण विभागों का कामकाज सौंपा गया है। हरियाणा सरकार की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक महिपाल सिंह ढांडा को शिक्षा विभाग तथा डा. अरविंद शर्मा को सहकारिता विभाग दिए गए हैं।श्याम सिंह राणा को कृषि विभाग तथा रणबीर सिंह गंगवा को लोक निर्माण विभाग का कामकाज सौंपा गया है। कृष्ण कुमार बेदी समाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा श्रुति चौधरी सिंचाई तथा महिला व बाल विकास विभाग का काम देखेंगे । आरती राव को राज्य की स्वास्थ्य मंत्री बनाया गया है , जबकि राज्य मंत्री राजेश नागर को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग का स्वतंत्र प्रभार दिया गया है वहीं राज्य मंत्री गौरव गौतम के पास युवा एवं खेल विभाग का स्वतंत्र प्रभार रहेगा ।मुख्यमंत्री नायब सिंह वह सभी विभाग अपने पास रखेंगे, जो मंत्रियों को आवंटित नहीं किए गए हैं।कुल मिला कर श्री अनिल विज, विपुल गोयल, श्याम सिंह राणा, आरती राव और कृष्ण कुमार बेदी को तीन-तीन विभागों की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि राव नरबीर, महिपाल ढांडा और डा. अरविंद शर्मा को चार-चार विभागों का कामकाज सौंपा गया

है। श्रुति चौधरी, कृष्ण लाल पंवार और रणबीर गंगवा को दो-दो विभाग दिये गये है।

*****************************************************************************

पुलिस स्मृति दिवस पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज कर्तव्य पथ पर अपने सर्वोच्च बलिदान से अमर हुए शहीदों को नमन किया। उन्होंने राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और शहीदों को श्रद्धांजलि दी। श्री शाह ने कहा कि 36 हजार 468 पुलिसकर्मियों ने अपना कर्तव्य निभाते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया है। उन्होंने कहा कि पिछले एक साल में 216 पुलिसकर्मी शहीद हुए है। गृह मंत्री ने कहा कि पिछले दशक में वीर जवानों के प्रयासों से जम्मू-कश्मीर, पूर्वोत्तर और वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों में शांति बहाल हुई है। श्री शाह ने कहा कि देश हमेशा उन वीर जवानों का ऋणी रहेगा जिन्होंने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी।

*****************************************************************************

हरियाणा पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने आज पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पंचकूला स्थित पुलिस लाइन में देश के पुलिस बल के अमर शहीदों को 'पुलिस शहीद स्मारक' पर पुष्प चक्र अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। इस वर्ष देश में शहीद हुए सभी 214 पुलिस कर्मियों के नाम पढ़े गए तथा उन्हें पुलिस के जवानों द्वारा परेड कर सलामी भी दी गई।पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने कहा कि 21 अक्टूबर का दिन पुलिस शहीदी दिवस के रूप में मनाया जाता है।1959 में लद्दाख में चीनी सैनिकों ने 10 सिपाहियों को आज ही के दिन घात लगाकर मार दिया था।

***************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दिल्ली सरकार द्वारा हरियाणा की ओर से दिए जाने वाले पानी को गंदा बताने वाले बयान की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि  आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार ने झूठ बोलकर अपनी कमियों को छुपाने और अपनी नाकामियों का दोष दूसरों के सर मढ़ने को अपनी रीत बना लिया है ।चण्डीगढ़ में  जारी एक बयान में श्री नायब सिंह  ने कहा कि हरियाणा से दिल्ली को जो पानी दिया जाता है, उसका बीओडी यानी कार्बनिक पदार्थों के माइक्रोबियल अपघटन के लिए आवश्यक घुलित ऑक्सीजन की मात्रा लगभग 2-3 मिली ग्राम  प्रति लीटर होती  है। इसके अलावा सी एल सी नहर के ज़रिए जो पानी दिल्ली को दिया जाता है उसका बीओडी शून्य के बराबर होता है।उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार यह बताए कि दिल्ली सीमा से ओखला तक जो पानी के 28 नाले जाते हैं, उसमें प्रदूषण के लिए कौन ज़िम्मेदार है। मुख्यमंत्री ने दिल्ली सरकार से यह भी पूछा है कि केंद्र सरकार से यमुना नदी की सफ़ाई  के लिए अभी तक मिले 6,000 करोड़ रुपये से अधिक राशि का उन्होंने क्या किया है। उन्होंने कहा कि 3,000 करोड़ तो उनको पिछले 2 साल में मिले हैंश्री नायब सिंह सैनी ने सरकारी पैसे से शीश महल बनाने  का आरोप लगाते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार को  ख़ुद के फ़ायदे से अलग जनता के मुद्दों से कोई सरोकार नहीं है।

*****************************************************************

***********

हरियाणा पुलिस आवास निगम  HPHC ने दिवाली के पर्व को ध्यान में रखते हुए कल से 30 अक्टूबर  तक प्रदेशभर में एक विशेष मरम्मत और स्वच्छता अभियान शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य पुलिस लाइनों और आवासीय कॉलोनियों को साफ-सुथरा और सुरक्षित बनाना है, ताकि पुलिस कर्मियों और उनके परिवारों को एक स्वच्छ और सुंदर वातावरण में दिवाली मनाने का अवसर मिले।इस अभियान के दौरान पुलिस लाइनों और आवासीय क्षेत्रों में सड़कों की मरम्मत, नालियों की सफाई, कचरा प्रबंधन, और भवनों को रंग रोगन किया जा

रहा हैं। भोंडसी और सोनीपत में वहाँ के निवासी इस अभियान में सक्रिय भागीदारी कर रहे हैं ।